# दूसरी भाषा के रूप में हिंदी

प्रश्न-पत्र **0549/01**

पढ़ना और लिखना

**प्रमुख संदेश**

- अभ्यास 1, 2 और 3 के भीतर प्रमुख महत्व पढ़ने की कुशलता को दीजिए। याद रखें कि वर्तनी की अशुद्धियों को परीक्षक तभी अनदेखा कर सकते हैं यदि वे सम्प्रेषण में बाधा न बनें। विशेषकर अभ्यास 1 के भीतर स्पष्ट उत्तर को पूरे वाक्य में लिखने की आवश्यकता नहीं है।
- अभ्यास 3 के भीतर नोट्स लेखन को पूरे वाक्य के रूप में लिखना अनिवार्य है।
- अभ्यास 5 और अभ्यास 6 के भीतर सिर्फ़ अंतर्वस्तु के लिए ही नहीं बल्कि सटीक भाषा के लिए भी अंक दिये जाते हैं। अतः परीक्षार्थियों को ध्यानपूर्वक अपने लेखन के भीतर वर्तनी एवं व्याकरण संबंधी अशुद्धियों की जाँच कर लेनी चाहिए।

**सामान्य टिप्पणियाँ**

यह देखकर अति प्रसन्नता हुई कि अधिकांश छात्रों ने नियमों का पालन किया और बहुमत छात्रों ने शब्द सीमा के भीतर ही अपने उत्तर लिखे। बहुमत विद्यार्थी अभ्यास 2, 3, 5 और 6 के प्रति सहज प्रतीत नज़र आये।

**अभ्यास 1 प्रश्न 1–6**

यह अभ्यास उड़िसा के हिंदू मंदिर कोणार्क पर केन्द्रित था। इस अभ्यास में मंदिर और उससे संबंधित अनेक गतिविधियों के बारे में जानकारी जोड़ी गई थी। कई स्थापत्य और सौन्दर्य पहलुओं को समझाया गया था। बहुमत परीक्षार्थियों को **प्रश्न 2 और 6** के उत्तर देने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। कुछेक परीक्षार्थियों को **प्रश्न 1, 3** और **5** के उत्तर देने में कठिनाई प्रतीत हुई। **प्रश्न 1** था, कोणार्क का मंदिर किस रूप में बना है? इसका सही उत्तर था, विशाल रथ। यद्यपि ये परीक्षार्थी इसका सही वाक्य लिख पाए लेकिन अपने वाक्य में शब्द विशाल रथ नहीं जोड़ पाए और इसलिए उन्हें अंक नहीं मिला। **प्रश्न 3** था, पौराणिक कथा के अनुसार विष्णु भगवान ने अपना कमल कोणार्क में क्यों गिराया था? कुछ परीक्षार्थी संभवतः ठीक से प्रश्न को समझने में असमर्थ रहे और वह कारण नहीं बता पाए कि भगवान विष्णु ने अपना कमल क्यों गिराया था। **प्रश्न 5** था, मंदिर के कौन से भाग में भक्तजन भजन और कीर्तन कर सकते थे? परीक्षार्थियों ने अपना सही उत्तर पाठांश के उचित भाग से चुना लेकिन सही उत्तर देने की बजाय अपना उत्तर पाठांश के ग़लत भाग से दिया जो सही उत्तर नहीं था।

**अभ्यास 2 प्रश्न 7–15**

इस वर्ष के पाठांश का विषय था पर्यावरण परिवर्तन। अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बहुत कम परीक्षार्थियों ने सही विकल्प चुनने में ग़लतियाँ कीं।



© 2021

**अभ्यास 3 प्रश्न 16–19**

इस वर्ष का विषय इंटरनेट और सोशल मीडिया था। पाठांश के भीतर इंटरनेट और सोशल मीडिया को जानकारी प्रदान करने वाले प्रधान माध्यम के रूप में बताया गया। परीक्षार्थियों को दिए गए शीर्षक के तहत प्रमुख बिन्दुओं को जोड़ना था।

**प्रश्न 16**

प्रथम शीर्षक के भीतर परीक्षार्थियों को इंटरनेट की संकल्पना से संबंधित दो बिन्दुओं को लिखना था। बहुमत परीक्षार्थी इन दो बिन्दुओं को लिखने में सक्षम रहे।

**प्रश्न 17**

इस प्रश्न के उत्तर में परीक्षार्थियों को सोशल मीडिया की परिभाषा और इसके प्रसार के कारणों के बारे में लिखना था। क्योंकि इससे संबंधित सही उत्तरों में पर्याप्त बिन्दु दिए थे इसलिए उन्हें दो सही बिन्दुओं को ढूँढने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

**प्रश्न 18**

परीक्षार्थियों से यह पूछा गया था कि वे दो बिन्दु लिखें जो सोशल मीडिया की उपयोगिता को बताए। बहुमत परीक्षार्थी दो सही उत्तर देने में समर्थ रहे।

**प्रश्न 19**

इस प्रश्न के द्वारा परीक्षार्थियों से सोशल मीडिया के तीन संभावित हानियों के बारे में पूछा गया था। अधिकांश परीक्षार्थी तीन सही उत्तर दे पाए। हालांकि यह भी कहना पड़ेगा कि सभी पूरे तीन ठीक उत्तर नहीं दे पाए।

**अभ्यास 4 प्रश्न 20**

नए पाठ्यक्रम के अनुसार, पाठांश के आधार पर बनाए गए नोट्स को अभ्यास 4 में सारांश लेखन के लिए उपयोग करना था। इस वर्ष परीक्षार्थियों को सारांश लेखन में उन्हें प्रथम, इंटरनेट और सोशल मीडिया के विभिन्न फायदों पर और दूसरा, सोशल मीडिया के संभावित हानियों को जोड़ना था। अधिकांश परीक्षार्थी भाषा के उच्च अंक अर्जित करने में सफल रहे। लेकिन जो परीक्षार्थी अंतर्वस्तु के लिए सार्थक बिन्दुओं को नहीं जोड़ पाये उन्हें भाषा के अंक भी नहीं मिले।

**अभ्यास 5 प्रश्न 21**

परीक्षार्थियों से अपेक्षित था कि स्थानीय व्यापारी को ईमेल द्वारा अनाथाश्रम की आर्थिक मदद जुटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में टिकट बिक्री के लिए आग्रह करें। इस अभ्यास के भीतर परीक्षार्थियों को तीन प्रमुख बिन्दुओं को अपने ईमेल लेखन में जोड़ना अनिवार्य था।

1 कार्यक्रम का उद्देश्य और कार्यक्रम का विवरण
2 कार्यक्रम के दिन और तिथि के बारे में जानकारी।
3 कार्यक्रम की टिकट बिक्री के लिए व्यापारी महाशय से मदद की अपील करें।

अधिकांश परीक्षार्थियों ने लेखन अभ्यास को सफलतापूर्वक किया। बहुमत परीक्षार्थियों ने अपने ईमेल में तीनों बिन्दुओं को जोड़ा और अंतर्वस्तु के तीनों अंक अर्जित किए। साथ ही भाषा के लिए भी उच्च अंक पाए।


© 2021

**अभ्यास 6: प्रश्न 22**

इस वर्ष निबंध का विषय था कि व्यक्ति का विकास एकल परिवार में ही संभव है, संयुक्त परिवार में व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन हो जाता है। यह प्रश्न दो विपरीत दृष्टिकोण के संदर्भ में लिखना था। ये दो बिन्दु थे

**1** एकल परिवार - हम दो हमारे दो! - विकास के अवसर, न बड़ों की जवाबदेही और नहीं ज़िम्मेदारी!

**2** संयुक्त परिवार - संकट में सहारा पारस्परिक सहयोग और उन्नति के अवसर!

अभ्यास को इस प्रारूप में लिखना नए पाठ्यक्रम के अनुसार अपेक्षित था जिसका उद्देश्य केवल परीक्षार्थी को लेखन का विषय देना नहीं था बल्कि दो विपरीत बिन्दुओं को भी चर्चा का अंग बनाना था। कई परीक्षार्थियों ने इन दो विपरीत बिन्दुओं से संबंधित पहलुओं पर अपने सशक्त विचार व्यक्त किए। श्रेष्ठ लेखों के भीतर सिर्फ़ इन कारणों पर ही चर्चा नहीं थी बल्कि उनके समर्थन में कई सटीक उदाहरण भी जोड़े गये।

बिना व्याकरण संबंधी अशुद्धियाँ किए और वर्तनी दोष के लिखना अभी भी प्रधान चिंता का कारण बना हुआ है। अभी भी वर्तनी की ग़लतियाँ निःसंदेह प्रमुख पहलू है जिसपर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस पक्ष पर सुधार के द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार किया जा सकता है।



© 2021

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Reading and Writing**

## Key messages

- In **Exercises 1**, **2** and **3**, the emphasis is on reading skills. Spelling errors are tolerated provided they do not interfere with communicating the correct answer to the examiner. As long as the answer is clear, candidates are not required to write in full sentences.
- In **Exercise 3**, complete notes are expected though not necessarily in complete sentences.
- In **Exercise 5** and **Exercise 6**, marks are awarded not only for content but also for the accuracy of language. Therefore, candidates must check their work carefully for spelling and grammatical errors.

## General comments

It was reassuring to see that most candidates followed the guidelines well, and most of them had written their answers within the word limit. The majority of candidates appeared to be at ease with **Exercises 2**, **4**, **5** and **6**.

## Comments on specific questions

***Section 1***

**Exercise 1 Questions 1–6**

This exercise focuses on a text about a Hindu temple known as Konark temple in Orissa. It highlights many characteristics of the temple and activities performed in the temple. Several architectural and aesthetic aspects of the temple are also explained. The majority of candidates had no difficulties in answering **Questions 2** and **5**. Few candidates found **Question**s **1**, **3** and **5** difficult. **Question 1** was: *What is the form in which the Konark temple is built?* The correct answer was: *Big chariot*. However, some of the candidates did write the correct sentence without mentioning the word chariot. That was a vague answer, and therefore they did not receive the mark for this point. According to the ancient story, **Question 3** was: *Why did the Lord Vishnu drop his lotus flower in the temple?* A few candidates misunderstood the question and explained where Lord Vishnu dropped the lotus and did not mention the reason. **Question 5** was: *In which part of the temple can devotees offer their prayers?* Instead of writing the correct answer, some candidates wrote their answer from the wrong part of the text, near to where the answer was located.

**Exercise 2 Questions 7–15**

The topic of this year text was climate change. Most of the candidates performed very well in this exercise. Very few candidates made mistakes in choosing the right answers.

**Exercise 3 Questions 16–19**

The topic of this year's text was the internet and social media. This text described the growth of the internet and social media as the prime medium taking over as an information provider. The candidates were expected to write notes under the given headings.



© 2021

**Question 16**

The first heading required candidates to write about the two different points related to the need to conceptualise the internet. Most of the candidates managed to write two correct points.

**Question 17**

This question asked candidates to write the definition of social media and give reasons for its spread. There was more than one reason for its spread; therefore, candidates did not have difficulty writing two correct points.

**Question 18**

This question asked candidates to give two points that highlight the utility of social media. The majority of the candidates were able to give two correct points.

**Question 19**

This question asked candidates to give three points related to the possible disadvantages of social media. Most of the candidates correctly mentioned three points. However, not everyone provided all three correct points from the text.

**Exercise 4 Question 20**

According to the new syllabus, the text that is the basis for questions set on note-making is also the same text-based on which candidates must write a summary in **Exercise 4**. This year's rubric asked candidates to write their summary based on two points: first, the various advantages of the internet and social media; second, the possible ill effects of social media. Most candidates managed to get good marks for language. However, those who could not include any relevant points in their summary were not awarded any marks for language.

**Exercise 5 Question 21**

Candidates were expected to write an email to a local business person to provide support for organising a cultural programme to mobilise funds for an orphanage. This exercise asked candidates to include three specific points in their email:
**1** Highlighting their aim and details about their programme.
**2** Writing about the day and timing of the programme.
**3** Expressing their request to help from the business person in ticket sell for the programme.
Most of the candidates managed to complete this writing task well. The majority of the candidates included these three points in their email to receive full marks for content and also received good marks for language.

**Exercise 6:**

This year the essay topic was framed in terms of the question: *Humans development is possible only with a nuclear family / a joint family system undermines individual independence?* However, candidates were also expected to reflect on two opposing views:
**1** A nuclear family means two of us and two of our own, no accountability and no responsibility.
**2** A joint family means support and cooperation at a time of crisis, but does it provide an opportunity for development?
This exercise and manner of setting the question have been done according to the new syllabus, which calls for not just giving a topic to candidates to write on but also giving them two opposite views related to the topic they must also consider while writing a given theme. Several candidates gave some strong reasons in favour of these two opposite views. Good answers not only highlighted these reasons but also included valuable examples in support of their views.

Writing in Hindi without committing grammatical mistakes and spelling errors continues to be the central issue. Spellings mistakes are an area of concern and should be addressed with some urgency. Improvement in this would make a positive difference to candidates' grades.


© 2021

# श्रवण पेपर दूसरी भाषा के रूप में

प्रश्न-पत्र **0549/02**

**हिन्दी रिपोर्ट**

## विशेष टिप्पणी

इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिये परीक्षार्थियों को चाहिये कि :

- जितना हो सके उत्तर उतना स्पष्ट लिखे जिस से अर्थ समझ में आ सके।
- अभ्यास 3 परीक्षा में ध्यान पूर्वक सभी सम्बंधित विस्तार अपने प्रश्नोत्तर में दें।

## सामान्य टिप्पणी

कुल मिलाकर, परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और क्षमता की पूरी श्रृंखला देखी गई। अधिकांश परीक्षार्थियों ने पेपर में सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास किया है।

इस पेपर में सही जानकारी के सम्प्रेषण पर अंक दिये गये हैं। वर्तनी और व्याकरण की त्रुटि के आधार पर जवाब का मूल्यांकन नहीं किया गया फिर भी यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ बदल जाए या अर्थ स्पष्ट न हो तो अंक नहीं दिये गये।

## विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ

अधिकांश परीक्षार्थियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। अधिकतर परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए, लेकिन कुछ परीक्षार्थियों ने कुछ प्रश्नों को अनुत्तरित छोड़ दिया। परीक्षार्थियों को सभी प्रश्नों को देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**अभ्यास 1 प्रश्न 1–6**

**प्रश्न 1–6**

में संक्षिप्त उत्तर चाहिए और अधिकतर परीक्षार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए। शब्दों की वर्तनी में भिन्नता थी कुछ शब्द तो आम थे और परीक्षार्थियों से सही शब्द लिखने की आशा की गई है यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ नहीं बदला है तो ही अंक दिये गए हैं। पर उदाहरण के लिए, दोस्तों ने बुलाया था, के स्थान पर दोस्तों ने भुलाया था तो अंक नहीं दिया गया ।

**प्रश्न 1**

**प्रश्न 1** का सभी परीक्षार्थियों द्वारा सही उत्तर दिया गया था।

**प्रश्न 2**

ज्यादातर परीक्षार्थियों ने सही ढंग से उत्तर दिए थे।



© 2021

**प्रश्न 3**

शब्दों की वर्तनी में भिन्नता थी पर अधिकतर परीक्षार्थियों ने ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**प्रश्न 4**

'लॉन' के कई रूप थे लेकिन बहुत से परीक्षार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**प्रश्न 5**

**प्रश्न 5** इस खंड का सबसे चुनौतीपूर्ण प्रश्न था। श्रवण परीक्षण परिधीय जानकारी से विचलित हुए बिना प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक मुख्य जानकारी को पंजीकृत करने की परीक्षार्थियों की क्षमता का आकलन करता है। परीक्षार्थियों को ध्यान भंग करने वालों के बारे में ज्ञान होना चाहिए और उन्हें अनदेखा करना सीखना चाहिए।

**प्रश्न 6**

**प्रश्न 6** का उत्तर वर्तनी की कई भिन्नताओं के साथ अधिकतर सही था, लेकिन जहां कहीं भी परीक्षार्थियों ने लिखा दोस्तों ने बुलाया था, के स्थान पर दोस्तों ने भुलाया था। वहां पुरस्कृत नहीं किया।

**प्रश्न 7(i) to (viii)**

परीक्षार्थियों को रिक्त स्थान को उचित शब्द से भरना था जो सही व्याकरण के साथ वाक्य में फिट होना चाहिए। यह खंड काफी चुनौतीपूर्ण साबित हुआ, शायद उम्मीदवारों की एकाग्रता के स्तर और व्याकरण की समझ के कारण।

अधिकांश सक्षम परीक्षार्थियों ने ऑडियो से सही शब्द चुने और आवश्यक उत्तरों के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। कम सक्षम परीक्षार्थियों ने 7 (बी), 7 (सी) जैसे सवालों का जवाब नहीं दिया और कुछ परीक्षार्थियों ने 7 (डी), 7 (जी) और 7 (एच) में अंक हासिल करने में असमर्थता जताई।

**प्रश्न 8–15**

परीक्षार्थियों को वाक्यों में गलत जानकारी को सही जानकारी में बदलने के लिए कहा गया था। आम तौर पर सही प्रतिक्रियाएँ थीं, लेकिन इसमें कई प्रकार की वर्तनी त्रुटियाँ शामिल थीं; उनमें से कुछ वाक्यों में व्याकरणिक रूप से उपयुक्त,नहीं थे। **प्रश्न 11** और **15** विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण साबित हुए।

**प्रश्न 8**

हालांकि उत्तरों के लिए वर्तनी की अधिकता थी, इस प्रश्न को मुख्य रूप से समझा गया और परीक्षार्थियों द्वारा अच्छी तरह से प्रयास किया गया।

**प्रश्न 9**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस खंड में अच्छा उत्तर दिया क्योंकि उन्होंने फिट होने के लिए सही शब्द चुना, हालांकि कुछ परीक्षार्थियों ने बिना सोचे समझे शब्दों का इस्तेमाल किया।

**प्रश्न 10**

कई परीक्षार्थियों ने प्रश्न को समझ लिया और ऑडियो से सही उत्तर की व्याख्या की, फिर भी कुछ परीक्षार्थियों प्रश्न के सही प्रकार के उत्तर का अनुमान नहीं लगा सके।



© 2021

**प्रश्न 11**

यह सवाल समझ में आया लेकिन कुछ परीक्षार्थियों ने ऐसे उत्तर लिखे जो व्याकरण की दृष्टि से गलत थे। कम प्रतिशत परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर दिया।

**प्रश्न 12**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर दिया। कुछ परीक्षार्थियों को प्रश्न को समझने में कठिनाई हुई और या उन्होंने प्रश्न का बिल्कुल भी प्रयास नहीं किया या बिना सोचे समझे उत्तर लिखे जिनका प्रश्न के संदर्भ में कोई मतलब नहीं था।

**प्रश्न 13**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर दिया और या तो अंक योजना में दिए गए सटीक उत्तर या इसके एक रूपांतर को लिखा, जो उच्चारण होने पर समान लगता था।

**प्रश्न 14**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने यह उत्तर सही लिखा। कुछ परीक्षार्थियों ने गलत वर्तनी के कारण इस प्रश्न को गलत पाया, जिससे शब्द का अर्थ बदल गया, या समझ की कमी के कारण पूरी तरह से बिना सोचे समझे उत्तर मिला।

**प्रश्न 15**

कई परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न को सुलभ पाया और सही वर्तनी या इसकी भिन्नता के साथ प्रश्न का सही उत्तर दिया, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर, परीक्षार्थियों की एक बड़ी संख्या ने सही उत्तर सस्ती के बजाय सस्ता और सस्ते लिखा, जो व्याकरणिक रूप से गलत होने के कारण स्वीकार नहीं किए गए।

**प्रश्न 16–23**

**प्रश्न 16–23** बहुविकल्पीय प्रश्न थे। परीक्षार्थियों को तीन विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करना था। अधिकांश परीक्षार्थी अंक हासिल करने में सफल रहे। कुछ परीक्षार्थियों ने एक से अधिक बॉक्स पर टिक किया और अंक खो दिए। बहुत कम परीक्षार्थी ऐसे थे जिन्होंने प्रश्नों को करने का प्रयास ही नहीं किया। अधिकांश ने औसतन तीन से चार प्रश्नों को सही ढंग से टिक किया, लेकिन जिन मुख्य प्रश्नों का उत्तर परीक्षार्थियों ने गलत दिया, वे **17, 21** और **22** थे।

**सारांश**

सारांश परीक्षार्थियों को रिकॉर्डिंग को बहुत ध्यान से सुनना चाहिए और तकनीकों और रणनीतियों को विकसित करना चाहिए ताकि वे अपने उत्तरों के लिए उपयुक्त विवरण की पहचान और चयन कर सकें। कुछ प्रश्नों तक पहुँचने के लिए उनकी हिंदी शब्दावली को बढ़ाने पर काम करने की आवश्यकता है तथा ध्वनियों और अक्षरों पर भी ध्यान केंद्रित करने की व समान लगने वाले अक्षरों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षकों को भी नियमित रूप से कुछ श्रुतलेख देना चाहिए। परीक्षार्थियों को कक्षा में श्रवण अभ्यास आयोजित करके और समयबद्ध परिस्थितियों में पिछले प्रश्नपत्रों का प्रयास करके जितना संभव हो उतना अभ्यास प्राप्त करना चाहिए। यह निश्चित रूप से समग्र मानक को बढ़ाने में मदद करेगा।



© 2021

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**
**Listening**

## Key messages

In order to do well in this examination, candidates should:
- Write their answers as clearly as possible so that the meaning can be understood.
- Take care to include all the relevant details in their answers to the questions in **Exercise 3**.

## General comments

Overall, candidates performed quite well in this examination and the full range of ability was observed. Most candidates attempted all the questions in the paper.

For this component, credit is given for communication of the correct information. Answers are not assessed for accuracy of spelling and grammar. However, if language errors change the meaning or the meaning is unclear, the answer cannot be given credit.

## Comments on specific questions

The majority of candidates performed very well on this exercise. Most candidates answered all the questions, but a small number of candidates left some of the questions unanswered. Candidates should be encouraged to attempt all questions.

**Questions 1–6** require short answers, and most candidates fared well. There were variations in spelling of some words. Some of the words are part of basic vocabulary and candidates are expected to be able to spell them correctly. Marks were awarded if the misspelt word did not change the meaning, but not for answers such as, for example, भुलाया था instead of बुलाया था.

**Question 1**

**Question 1** was answered correctly by all the candidates.

**Question 2**

**Question 2** was mostly answered correctly.

**Question 3**

There were several variations in spelling but most of the candidate performed well.

**Question 4**

There were many variations of 'lawn' but many candidates performed well.

**Question 5**

**Question 5** was the most challenging question in this section. The listening test assesses a candidate's ability to register the main information required to answer the question without getting distracted by the peripheral information. Candidates need to be aware of distractors and learn to ignore them.


© 2021

**Question 6**

**Question 6** was mostly answered correctly with several variations of spelling but not rewarded wherever candidate wrote भुलाया था instead बुलाया था.

**Question 7 (i) to (viii)**

Candidates are required to fill in the blank spaces with the appropriate word which should fit in the sentence with the correct grammar. This section proved quite challenging, maybe due to the candidates' concentration levels and understanding of grammar.

Most able candidates picked up the right words from the audio and answered the questions with the required answers. Less able candidates did not answer questions such as **7(b)**, **7(c)** and a few candidates were unable to score marks in **7(d)**, **7(g)** and **7(h)**.

**Questions 8–15**

Candidates were asked to replace the incorrect information in the sentences with correct information from the audio. Generally correct responses were provided, but included a variety of spelling errors; some of them did not grammatically fit in the sentences. **Questions 11** and **15** proved to be particularly challenging.

**Question 8**

Even though there was a plethora of spellings for the answers, this question was mainly understood and attempted well by candidates.

**Question 9**

The majority of candidates answered well in this section as they chose the correct word to fit, however some candidates used random words.

**Question 10**

Many candidates understood the question and interpreted the correct answer from the audio, yet some candidates could not infer the correct type of answer for the question.

**Question 11**

This question was understood but some candidates wrote answers that were grammatically incorrect. A low percentage of candidates answered this question correctly.

**Question 12**

The majority of candidates answered this question correctly. Some candidates found it difficult to understand the question and either did not attempt the question at all or wrote random answers which did not make sense in the question's context.

**Question 13**

The majority of candidates answered this question correctly and wrote either the exact answer provided in the mark scheme or a variation of it which, when pronounced, sounded similar.

**Question 14**

The majority of candidates wrote this answer correctly. Some of the candidates got this question incorrect due to their incorrect spelling, which changed the word's meaning, or had lack of understanding leading to a completely random answer.


© 2021

**Question 15**

Many candidates found this question accessible and answered the question correctly with the correct spelling or a variation of it, which we accepted. On the other hand, a plethora of candidates wrote सस्ता and सस्ते instead of the correct answer सस्ती, which were grammatically incorrect and not accepted.

**Questions 16–23**

**Questions 16–23** were multiple choice questions. Candidates needed to select the correct answer out of three choices. Most candidates managed to score marks. Some candidates ticked and crossed more than one box and lost marks.

There were very few candidates who did not attempt the questions. Most candidates got on average three to four questions ticked correctly, but the main questions that candidates answered incorrectly were **17**, **21** and **22**.

**Summary**

Candidates should listen to the recording very carefully and develop techniques and strategies to enable them to identify and select appropriate detail for their answers. There is a need to work on increasing their Hindi vocabulary to access some questions and also to focus on sounds and letters, paying particular attention to similar sounding letters. Teachers should also give some dictation regularly. Candidates should gain as much practice as possible by conducting listening exercises in class, and attempting past papers under timed conditions. This would certainly help to raise the overall standard.


© 2021

# दूसरी भाषा के रूप में हिंदी

**Paper 0549/03**
सम्भाषण परीक्षा

मुख्य संदेश

परीक्षा में उच्च स्तर प्राप्त करने के किए परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक है:
- परीक्षा के लिए तीनों भागों की तैयारी
- विषय-सम्बंधित विस्तृत और सटीक शब्दावली तथा व्याकरण-सम्मत वाक्य-संरचना का प्रयोग
- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक सुनना
- उत्तर की पुष्टि के लिए पहले से याद किए नोट्स पर निर्भर होने के बजाय समुचित विचार और अभिमत प्रदान करना
- संश्लिष्ट वाक्य एवं विभिन्न काल के प्रयोग।

सामान्य टिप्पणी:

संभाषण परीक्षा के स्तर में विभिन्न केंद्रों के बीच उल्लेखनीय असमानता है। जिन केंद्रों द्वारा संभाषण परीक्षा के पाठ्यक्रम का पालन किया गया, उनमें परीक्षक ने परीक्षार्थी का परिचय और परीक्षा के तीन भागों का विवरण देकर परीक्षा शुरू करने से पहले परीक्षार्थी को आश्वस्त किया। विषय वार्तालाप और सामान्य वार्तालाप खण्डों में प्रस्तुति खण्ड की सामग्री को दोहराया नही।
सामान्य वार्तालाप जीवंत, रोचक और संवादात्मक और प्रश्नों की योजना संवाद में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई।

सुगठित और नियोजित दृष्टि के अभाव में कुछ परीक्षार्थियों से परस्पर असम्बंधित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा के लिए निदेशित समय का पालन भी सभी केंद्रों में और एक ही केंद्र के बिभिन्न परीक्षार्थियों के साथ अलग-अलग तरीके से किया गया। यह आवश्यक है कि सभी परीक्षार्थियों को अपनी हिंदी-वाचन योग्यता प्रमाणित करने का एक समान समय और अवसर दिया जाए।

विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ:

भाग 1: प्रस्तुति

उच्च स्तर के परीक्षार्थियों ने अपनी विषय-वस्तु से सम्बंधित विस्तृत जानकारी का सुगठित रूप से निर्वाह किया। प्रस्तुति के विषय सम्यक और रोचक थे। उनकी शब्दावलि विषय के अनुरूप और वाक्य संरचना आमतौर पर ठीक थी। संश्लिष्ट वाक्य का प्रयोग करने की योग्यता बहुत कम परीक्षार्थी प्रदर्शित कर सके। कुछ परीक्षार्थी अंग्रेज़ी की शब्दावलि


© 2021

**भाग 2: विषय वार्तालाप**

समान्यत: परीक्षार्थियों ने विषय सम्बंधित वार्तालाप का निर्वाह भली प्रकार से किया। उनके उत्तर स्वाभाविक और सहज थे। किंतु पूछे गए प्रश्नों की गुणवत्ता में अंतर था। प्रस्तुति को दोहराने के स्थान पर उसके विषय को विकसित करने की दृष्टि से बनाए गए प्रश्नों के उत्तर उच्च स्तर के थे। कुछ परीक्षार्थियों को प्रश्न समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ा, वे उनके उत्तर देने के स्थान पर अपने याद किए हुए नोट्स दोहरा रहे थे।

भाग 3: सामान्य वार्तालाप

विभिन्न केंद्रों के सामान्य वार्तालाप के स्तर में बहुत अंतर था। परीक्षा में पाठ्यक्रम की अपेक्षा के अनुसार प्रश्न तैयार किए जाने की आवश्यकता है। कुछ परीक्षार्थियों से पाठ्यक्रम में निर्धारित विषय पर वार्तालाप करने के स्थान पर किसी भी विषय पर बोलने के लिए कहा गया। परिणाम स्वरूप पारस्परिक बातचीत की जगह एक और प्रस्तुति की गई। परीक्षकों को परीक्षा के बीच परीक्षार्थी के अधूरे वाक्य पूरे करने या उसका सारांश बताने से बचना चाहिए।
संभाषण परीक्षा का उद्देश्य विषय-सम्बंधित शिक्षा/ सामान्यज्ञान की परीक्षा करना नही, हिंदी में स्वयं को अभिव्यक्त करने की योग्यता का आकलन करना है। उसके लिए पाठ्यक्रम में निदेशित विषयों और वाचन-योग्यता का मूल्यांकन अपेक्षित है।


© 2021

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/03**
**Speaking**

## Key messages

In order to do well candidates need to:
- Prepare for all three parts of the test
- Use a wide range of topic related, precise vocabulary and grammatically correct structures
- Listen to the questions carefully
- Respond appropriately by providing ideas and opinions to support their answers, rather than relying on memorised notes
- They should use a variety of complex sentences in different tenses.

## General comments

There is noticeable disparity between standards of the Speaking tests between different centres. In the centres where the structure of the Speaking test is followed, the examiner introduces the candidates, explains all three parts of the Speaking test and puts candidates at ease at the beginning of the examination. They ensure that questions in the Topic conversation and General conversation are not repeated from the content of the Presentation. The General conversation is lively, interactive and sustains interest. Questions are planned to achieve continuity in discussion.

In the absence of a structured approach, some candidates are asked ad hoc unrelated questions. The timing of tests in different centres, as well as the timing of different candidates within the same centre, also varies. It is important to give all candidates equal time to give them a fair opportunity to show their ability in the Speaking test.

## Comments on specific questions

### Part 1: Presentation

Candidates who did well were able to make a well organised presentation by providing a wide coverage to their chosen topic. There was a good selection of topics which sustained interest. They used a wide range of topic appropriate vocabulary and sentence structures generally accurately. Very few candidates showed the ability to use complex sentence structures. Some candidates used some English vocabulary to express ideas.

### Part 2: Topic Conversation

Generally, candidates performed well. Their responses were natural and spontaneous. The quality of questions was variable. Candidates did well when questions were structured to develop the topic further rather than repeating the contents of presentation. A small number of candidates had difficulty in understanding the questions and responded from the memorised notes rather than answering the question.

### Part 3: General Conversation

The standards of general conversation varied widely between centres. It is important to follow the syllabus requirement and formulate questions appropriate to the demand of the syllabus. Some candidates were told to talk about a topic rather than being asked questions from the topic. This led to another presentation instead of conducting an interactive conversation. Examiners should avoid completing the candidates' incomplete sentences and concluding an idea for them.


© 2021

The Speaking assessment is not an opportunity to teach or test subject specific/general knowledge. Candidates should be allowed to show their ability to express themselves in Hindi. Questions should be constructed with reference to the Syllabus topics and Speaking assessment objectives.



© 2021